पुराने विवाद में चाकू से हमला कर युवक की हत्या

पुलिस ने 3 को किया गिरफ्तार, 2 नाबालिग

उज्जैन। बुधवार गुरुवार रात पुराने विवाद में युवक की चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने तीन हमलावरों को गिरफ्तार किया है। जिसमें दो नाबालिग होना सामने आए हैं। गुरुवार शाम मामले का खुलासा कर दिया गया आरोपियों को शुक्रवार दोपहर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि देर रात नलियाबाखल क्षेत्र में मोहित पिता प्रेम नारायण मंनसोरिया 18 वर्ष निवासी रवि शंकर नगर 12 खोली पर कुछ युवकों द्वारा चाकू से हमला कर दिया गया था। दो दोस्त हर्ष पवार और आदी गंभीर हालत में मोहित को चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से उसे निजी अस्पताल ले जाया गया सीने और पेट पर लगे चाकू के गहरे घाव की वजह से मोहित की मौत हो चुकी थी। उसकी लाश चरक अस्पताल पोस्टमार्टम कक्ष लाई गई। जहां मृतक के दोस्तों के साथ परिजनों की भीड़ जमा हो गई। सड़क पर ही विलाप किया जाने लगा और आरोपियों को पकड़ने की बात को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। मामले की जानकारी लगते ही महाकाल, कोतवाली और माधव नगर थाना पुलिस पोस्टमार्टम कब से पहुंची। मृतक की बॉडी को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया। वहीं अस्पताल लाने वालों से थाना प्रभारी गगन बादल द्वारा पूछताछ की गई।

दोस्त हर्ष और आदी ने बताया कि जतिन नामक युवक का फोन मोहित के पास आया था उसके बाद नलियाबाखल पहुंचे थे, जहां एकलव्य ने अपने दो नाबालिग साथियों के साथ मिलकर चाकू से हमला किया था। दोनों दोस्तों ने बताया कि उन्होंने बीच बचाव का प्रयास किया लेकिन मोहित घायल हो चुका था। गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने हत्या में शामिल एकलव्य और उसके दो नाबालिग साथियों को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल तीनों से पूछताछ जारी है शाम को मामले का खुलासा किया गया। हत्या की वजह पुराना विवाद होना सामने आया है। थाना प्रभारी के अनुसार हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया गया है तीनों को शुक्रवार दोपहर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

विवाद का सामने आया सीसीटीवी फुटेज

रात में हुई युवक की हत्या का घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज भी सामने आया है। जिसमें विवाद होता दिखाई दे रहा है। पहले थप्पड़ मुक्के से मारपीट हुई। इसके बाद मोहित पर चाकू से हमला किया गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चाकू मारने वालों की पहचान कर उनकी धरपकड़ शुरू की है। पुलिस सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

मोहित और प्रशांत के बीच था पुराना विवाद

बताया जा रहा है कि मोहित कभी फूल प्रसाद की दुकान पर काम करता था। तभी होटल में सवारी लगाकर कमीशन का काम करता था। कुछ साल पहले मोहित नलियाबाखल में रहने गया था उसे दौरान प्रशांत से उसका विवाद हुआ था। इसके बाद से रंजिश चली आ रही थी। रात में मोहित के दोस्त हर्ष का जन्मदिन होने पर दोनों आदी के साथ अंगारेश्वर मंदिर दर्शन करने गए थे। जहां से लौटते समय जतिन ने कॉल कर नलिया बाखल बुलाया। जहां एक्टिवा से पहुंचे इस दौरान चार-पांच युवकों ने चाकू से हमला कर दिया।

घर की चौखट पर मिला मांस, आक्रोश

उज्जैन। गुरुवार को मुस्लिम समुदाय ईद का पर्व मना रहा था इसी बीच सुबह 8 बजे के लगभग एक मकान की चौखट पर मांस फेंक दिया गया। मामला सामने आते ही क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। क्षेत्रीय पार्षद के साथ हिंदूवादी संगठन मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

आगर रोड स्थित गांधीनगर में स्नेहलता अगोने का मकान बना हुआ है। वह चैरिटेबल अस्पताल में कार्य करती है। सुबह 8 बजे के लगभग उन्होंने घर का दरवाजा खोला तो चौखट पर खून फैला और मांस का टुकड़ा पड़ा दिखाई दिया। यह देख परिवार आक्रोशित हो गया। खबर आग की तरह फैली और क्षेत्र के लोग भी गुस्से में एकत्रित हो गए। जानकारी लगते ही क्षेत्रीय पार्षद शिवेंद्र तिवारी गांधीनगर पहुंचे मामले की जानकारी लगते ही चिमनगंज पुलिस भी जांच के लिए पहुंच गई थी। इस दौरान हिंदूवादी संगठन भी गांधीनगर पहुंच गया। आरोप लगाया गया कि आज बकरा ईद है वर्ग विशेष के असामाजिक तत्वों द्वारा सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने का प्रयास किया गया है। पुलिस ने मामला शांत कराया और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन देते हुए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखने शुरू किया।

2 लाख 50 हजार का जुर्माना लगाया

उज्जैन। बिना पंजीयन अमानक खाद्य सामग्री विक्रय करने वालो द्वारा खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम, विनियम का उल्लंघन पाया गया। जिस पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा न्यायालय अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी के न्यायालय में प्रकरण पेश किया। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अतेंद्र सिंह गुर्जर द्वारा निर्णय पारित करते हुए विभिन्न प्रतिष्ठानों अशोक अग्रवाल एंड कंपनी फव्वारा चौक, पूजा दूध डेयरी व्यास नगर, श्री कृष्ण दूध डेयरी मक्सी रोड, कृष्णा दूध डेरी फ्रीगंज, तपन एग्रो इण्ड. प्रा.लि. गजमार्क कंपनी, शर्मा किराना स्टोर फ्रीगंज सहित सभी प्रतिष्ठानों पर कुल 2 लाख 50 हजार रुपए का जुर्माना किया गया।

खेत से बाइक लेकर लौट रहे ग्रामीण को चार पहिया वाहन ने कुचला, मौत

- पुलिस ने मामला जांच में लिया है
- वाहन की तलाश की जा रही है

उज्जैन। बाइक से घर लौट रहे ग्रामीण को अज्ञात चार पहिया वाहन ने कुचल दिया। घायल ग्रामीण को अस्पताल ले जाया गया जहां कुछ देर चले उपचार के बाद मौत हो गई। पुलिस ने मामला जांच में लिया है वाहन की तलाश की जा रही है।

नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम गामड़ी में रहने वाला अजय पिता मोहन चौधरी बाइक से अपने खेत पर गया था जो घर से 2 किलोमीटर दूर है। काम पूरा होने के बाद देर शाम वापस घर लौट रहा था। इस दौरान रास्ते में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। अजय गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर भाग निकला था। अजय को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। नरवर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू की है। ग्राम गामड़ी में हुई दुर्घटना से पहले नरवर थाना क्षेत्र के ही ग्राम कडछा में ड्रायवरी करने ज्ञानसिंह पिता अम्बाराम उर्फ श्यामलाल यादव 35 साल को रिवर्स डंपर ने कुचल दिया था जिसकी मौके पर मौत हो गई थी। बताया जा रहा था कि ज्ञान सिंह बदली में ड्राइवरी करने पहुंचा था और मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। वर्तमान में वह रिश्तेदार के यहां निवास कर रहा था, ज्ञानसिंह की शादी नहीं हुई थी। मृतक ड्रायवर के 7-8 भाई-बहन है, जो उत्तरप्रदेश में रहते हैं। रिश्तेदारों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराकर शव सौंपा गया है।

हिरासत में चाकू से हमला करने वाले आरोपी

उज्जैन। रविवार को राजीव रत्न कालोनी में घूरकर देखने की बात पर मोनू चौहान से विवाद करने वाले युवकों ने बीच-बचाव करने आये मोनू के भाई प्रेम पिता तिलक कुरवाडिया पर चाकू से कातिलाना हमला कर दिया था। प्रेम को 8 चाकू मारे गये थे, जिसके चलते वह गंभीर घायल हो गया था। नीलगंगा थाना पुलिस ने मामले में जानलेवा हमला करने की धारा का प्रकरण दर्ज किया था। एसआई वेदप्रकाश साहू ने बताया कि बुधवार को हमले में शामिल अरोपी यश पिता संजीव शिंदे निवासी इंदौर, कौशल उर्फ गोलू पिता रवि हटकर निवासी राजीव रत्न कालोनी और 2 अन्य को गिरफ्तार कर लिया। दो अन्य आरोपितों को परिजन नाबालिग बता रहे थे, लेकिन कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर पाये। जिसके चलते चारों को दोपहर में कोर्ट पेश कर जेल भेजा गया है। घायल पक्ष की ओर से भी आरोपी पक्ष के साथ मारपीट की गई थी। जिसके चलते दूसरे पक्ष से भी कुछ युवकों को चोंट लगी थी। उक्त घायलों की ओर से भी मामले में मारपीट का प्रकरण दर्ज किया गया है।

बाइक के सामने आया स्ट्रीट डॉग, 1 घायल

उज्जैन। पोहा फैक्ट्री से घर लौट रहे युवक की बाइक के सामने स्ट्रीट डॉग आ गया। युवक गंभीर घायल हुआ है जिसका चरक अस्पताल में उपचार चल रहा है।

अभिलाषा कॉलोनी देवास रोड पर रहने वाला नानकराम पिता रामचरण 35 साल उद्योगपुरी स्थित पोहा फैक्ट्री में हम्माली का काम करता है रात में फैक्ट्री से घर लौटते समय अभिलाषा कॉलोनी के मोड पर ही उसकी बाइक के सामने स्ट्रीट डॉग आ गया। जिससे टकराने के बाद नानकराम गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका चेहरा बुरी तरह से जख्मी हुआ है। रहवासियों की सूचना पर परिजन पहुंचे और घायल को अस्पताल लाया गया। स्ट्रीट डॉग का आतंक दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। पूर्व में भी कई लोग वाहन के सामने स्ट्रीट डॉग के आने पर घायल हो चुके हैं। यही नहीं स्ट्रीट डॉग आये दिन 5 से 7 लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। जिसके चलते पिछले पांच माह में ही स्ट्रीट डॉग के काटने के मामले हजारों की संख्या में पहुंच चुके हैं। कुछ दिन पहले महाकाल मंदिर के सभा मंडपम में भी निजी कंपनी की महिला कर्मी को स्ट्रीट डॉग ने काट लिया था। लगातार सामने आ रही स्ट्रीट डॉग की घटनाओं पर लगाम लगाने के नगर निगम द्वारा किए जा रहे प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं।

एक नजर में

रमाबाई आंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित

उज्जैन। कोठी पैलेस स्थित अजाक्स कार्यालय पर अजाक्स जिला उज्जैन द्वारा माता रमाबाई रमाई भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. आरएल परमार के नेतृत्व में माता रमाबाई आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर डॉ. परमार ने कहा कि माता रमाबाई आंबेडकर ने महिलाओं को सम्मान, स्वाभिमान और अधिकारों के लिए प्रेरित किया। माता रमाबाई का निधन 27 मई 1935 को हुआ था। उनका जन्म 7 फरवरी 1898 को महाराष्ट्र के दापोली के निकट वानाड गांव में हुआ था। बचपन में माता-पिता के निधन के बाद उन्होंने कठिन परिस्थितियों में जीवन व्यतीत किया। कार्यक्रम में महेश विरोलिया, रमेशचंद्र सूर्यवंशी, प्रवीण गहलोत, गिरधर मालवीय, अविनाश गुजराती, अजाक्स के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी डीएल भीलवाड़ा ने दी।

वीर सावरकर की जयंती पर किया माल्यार्पण

उज्जैन। क्रांतिकारी और प्रखर विचारक स्वातंत्र्य वीर सावरकर की जयंती पर गुरुवार को महाराष्ट्र समाज द्वारा मुनिनगर दो तालाब स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने युवाओं से सावरकर के जीवन चरित्र और उनके बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता श्रेयस कवड़े ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि किसी भी महापुरुष को श्रद्धांजलि केवल उनकी प्रतिमा या चित्र पर माल्यार्पण करने मात्र से नहीं दी जा सकती। इसके लिए उनके विचारों और सिद्धांतों को अपने आचरण व जीवन में उतारना आवश्यक है। दिलीप जोशी के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में कालिदास अकादमी के निदेशक गोविंद गंधे, पंकज चांदोरकर, डॉ. राजश्री जोशी, अशोक गुलजकर, सदाशिव नायगांवकर, रविंद्र वी. मुले, मिलिंद पन्हालकर, प्रदीप जोग, यशवंत तिलगुलकर, निलेश नेमावरकर और सुरेश चिपलूनकर सहित कई समाजजनों ने वीर सावरकर को पुष्पांजलि अर्पित की। अंत में आभार प्रदर्शन दिलीप जोशी ने किया।

ईद पर दिया एकता और भाईचारे का संदेश

उज्जैन। ईद-उल-अजहा के पावन अवसर पर ईदगाह में पारंपरिक रूप से नमाज अदा करने के बाद शहर काजी खलीकुर्रहमान का मेवाती परिवार द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान कांग्रेस के शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी ने परिवार के लोगों से मुलाकात कर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी भाईचारे का संदेश दिया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष शेर खान भाई ने बताया कि ईद-उल-अजहा की खुशी के मौके पर परिवार द्वारा यह स्वागत कार्यक्रम आयोजित कर समाज में एकता और सौहार्द का संदेश देने का प्रयास किया गया है। सभी लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और प्रेम, सद्भाव व भाईचारे का संदेश प्रसारित किया। इस मौके पर शेखर, शौकीन, तमन्ना आदि परिवार के लोग उपस्थित थे।

टॉकीज की जमीन पर विकास की पिक्चर रिलीज

रीगल कॉम्प्लेक्स पर बरसात के पहले खड़ी होगी दीवार

फूटिंग प्लिंथ वर्क कम्प्लीट

- शहर में 25 करोड़ से कॉम्प्लेक्स ले रहा आकार, ऐतिहासिक विकास

उज्जैन। ऐतिहासिक गोपाल मंदिर क्षेत्र अब विकास के एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है। वर्षों तक शहर की सांस्कृतिक पहचान रहा रीगल टॉकीज की भूमि पर आधुनिक हेरिटेज व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का निर्माण तेजी से जारी है। यह निर्माण केवल एक भवन निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उज्जैन के पुराने बाजार क्षेत्र को नई आर्थिक ऊर्जा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। बरसात के पहले यहां चारों तरफ दीवारें खड़ी हो जाएगी।

जिस स्थान ने कभी शरद टॉकीज और बाद में रीगल टॉकीज के रूप में शहर की सांस्कृतिक स्मृतियों को संजोया, वहीं अब आधुनिक सुविधाओं से युक्त व्यापारिक परिसर आकार ले रहा है। वर्तमान में निर्माण स्थल पर गहरी खुदाई कर मजबूत फूटिंग और प्लिंथ वर्क किया जा रहा है। भारी सरियों और मजबूत नींव के माध्यम से इस कॉम्प्लेक्स को दीर्घकालीन मजबूती प्रदान की जा रही है।

45 दुकान बनेंगी - कंकू मेहंदी से पहचान

उक्त योजना को हेरिटेज स्वरूप में विकसित किया जा रहा है ताकि पुराने उज्जैन की सांस्कृतिक छवि भी सुरक्षित रह सके। परिसर में जी प्लस वन व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स बनाया जा रहा है, जिसमें लगभग 45 दुकानें और शोरूम विकसित होंगे। साथ ही डबल बेसमेंट पार्किंग की सुविधा भी रहेगी। जिसमें लगभग 90 चारपहिया और 70 दोपहिया वाहनों के खड़े होने की व्यवस्था प्रस्तावित है। भीड़ प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए परिसर का बड़ा हिस्सा एल आकार में खुला रखा जा रहा है ताकि पर्व, त्योहार और सावन की सवारी के दौरान श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। छत्री चौक और गोपाल मंदिर क्षेत्र उज्जैन की धार्मिक और पारंपरिक पहचान का महत्वपूर्ण केंद्र है। कंकू, मेहंदी, पूजन सामग्री, धार्मिक वस्तुएं और पारंपरिक व्यापार के लिए यह क्षेत्र लंबे समय से प्रसिद्ध रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया भूमिपूजन

करीब 25 करोड़ रुपये की लागत वाली इस महत्वाकांक्षी योजना का भूमि पूजन मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया था। इस अवसर पर विधायक अनिल जैन, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव, नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा और पार्षद रजत मेहता सहित जनप्रतिनिधि लगातार निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग और अवलोकन कर रहे हैं। सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए यह परियोजना शहर के सौंदर्यीकरण, यातायात व्यवस्था और व्यापारिक विस्तार के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। स्थानीय व्यापारियों का मानना है कि कॉम्प्लेक्स बनने के बाद इस क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियां बढ़ेंगी, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और पुराने शहर की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

4 हजार से अधिक भक्तों ने की स्वर्ण गिरिराजजी की परिक्रमा

उज्जैन। शुक्ल पक्ष की कमला एकादशी पर आयोजित श्री स्वर्णगिरिराज जी की मासिक परिक्रमा में नौतपा की भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बावजूद भारी उत्साह देखने को मिला। अधिक मास होने के कारण इस बार श्रद्धालुओं की संख्या 4 हजार के पार पहुंच गई। महू से लेकर स्वर्णगिरी पर्वत मुखारविंद ग्राम चरणमया चिरमिया तक भक्तों की लगभग 6 किलोमीटर लंबी कतार नजर आई। 11 किलोमीटर की इस परिक्रमा में पुरुषों और महिलाओं के साथ बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

संतों के सानिध्य में शंख ध्वनि के साथ शुरू

आयोजन में अन्नपूर्णा आश्रम लसूड़िया के संत श्री सीताराम दास महाराज और इंदौर के पंडित श्री संतोष जोशी का सानिध्य प्राप्त हुआ। प्रात: 6 बजे श्री स्वर्णगिरिराज जी का अभिषेक और विशेष श्रृंगार किया गया। इसके बाद ध्वजारोहण, महाआरती और संत श्री के आशीर्वचन हुए। सुबह 10 बजे हाथों में धर्म ध्वजा थामे और शंख ध्वनि के बीच स्वर्णगिरी धाम से परिक्रमा का शुभारंभ हुआ।

परिक्रमा मार्ग में श्रद्धालुओं की सेवा के लिए स्थानीय ग्रामीणों के साथ ही बाहरी भक्तों ने भी जगह-जगह स्टॉल लगाकर फलाहार, जलपान और शीतल पेय की व्यवस्था की। महिदपुर सिटी हॉस्पिटल (एमसीएच) द्वारा स्वर्णगिरी मुखारविंद पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। यहां परिक्रमार्थियों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं। इसके अलावा अस्पताल प्रबंधन ने चलित वाहन के माध्यम से पूरे मार्ग में आरओ वाटर की व्यवस्था भी सुनिश्चित की।

जनगणना में पूर्ण रूप से करें सहयोग

- अभा माली समाज विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष की अपील

उज्जैन। अखिल भारतीय माली समाज विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सांखला ने नागरिकों से आगामी राष्ट्रीय जनगणना में पूर्ण सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह जनगणना केवल महिलाओं और पुरुषों की गिनती तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जातिगत वर्ग, धर्म और रोजगार के आंकड़ों का भी महत्वपूर्ण संग्रह है। राष्ट्र के विकास के लिए प्रत्येक नागरिक को जनगणना अधिकारियों को सही जानकारी देकर अपनी राष्ट्रीय जिम्मेदारी निभानी चाहिए। सांखला ने कहा कि भारत की जनगणना राष्ट्र के भविष्य की नींव है। इसी डेटा के आधार पर सरकार की योजनाएं, बजट, विकास कार्य और सामाजिक न्याय की दिशा तय होती है। उन्होंने कहा कि जो गिना जाएगा वही सुना जाएगा का नारा दिया कि पिछड़ा वर्ग, माली-सैनी-कुशवाहा समाज और सभी वंचित वर्गों की सही गिनती होने पर ही उन्हें उनका वाजिब हक और सम्मान मिल सकेगा। सांखला ने इसे महज एक सरकारी प्रक्रिया नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए एक आवश्यक कर्त्तव्य बताया है।

एक नजर में — महाराष्ट्र के राज्यमंत्री कदम तड़के 4 बजे भस्मारती में शामिल हुए-अहमदाबाद से आए भक्त ने दिए दान

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रवींद्रपुरी महाराज ने किए महाकाल दर्शन

उज्जैन। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत डॉ. रविन्द्र पुरी महाराज ने उज्जैन प्रवास के दौरान गुरुवार को उज्जैन में ज्योतिर्लिंग महाकाल के दर्शन किए। महाराज ने नंदी हाल में बैठकर भगवान महाकाल की आराधना की। पुजारी आकाश गुरु ने उनका पूजन संपन्न कराया। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर अखाड़ा परिषद के गोविंद सोलंकी, राहुल कटारिया भी उपस्थित थे। महाराष्ट्र सरकार में राज्यमंत्री योगेश रामदास कदम भी गुरुवार को उज्जैन प्रवास के दौरान तड़के 4 बजे महाकाल की भस्मारती में शामिल हुए।

भगवान महाकाल के दरबार में आने वाले श्रद्धालु न केवल दर्शन करते हैं। बल्कि अपनी श्रद्धा के अनुसार कई तरह की सामग्रियां भी भेंट करते हैं। इसी क्रम में अहमदाबाद गुजरात से आए भक्त परेश भाई ने मंदिर की व्यवस्थाओं से प्रसन्न होकर मंदिर में कुछ सामग्री दान करने की इच्छा जताई। इस पर उन्होंने समिति के अधिकारियों से चर्चा के बाद मंदिर के अतिथि निवास के लिए उच्च गुणवत्ता के 50 टॉवेल भेंट किए। मंदिर समिति के सहायक प्रशासनिक अधिकारी आरके तिवारी ने दानदाता का सम्मान कर उन्हें धन्यवाद दिया।

चारभुजा मंदिर अवंतीपुरा में आम कुंज महोत्सव मनाया, भक्त उमड़े

उज्जैन। अधिकमास में कुमावत समाज के अवंतीपुरा में स्थित प्राचीन श्री चारभुजा मंदिर में पद्मिनी एकादशी पर्व पर आम कुंज महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्त ठाकुरजी की इस दिव्य झांकी के दर्शन करने उमड़े। अधिकमास के दौरान यहां प्रतिदिन ही भगवान का नित-नए रूप में आकर्षक श्रृंगार किया जा रहा है तथा विशेष मनोरथ किए जा रहे हैं। यह जानकारी देते हुए समाज के अध्यक्ष योगेंद्र कुमावत ने बताया कि महोत्सव में महाआरती महंत नरेंद्र बैरागी ने की। श्रृंगार सजावट भावेश विश्वकर्मा द्वारा किया गया। मंदिर में आगामी दिनों में नौका विहार, अन्नकूट व निकुंज मनोरथ आदि के दर्शन भी भक्तों को कराए जाएंगे।